# Candidate Marks Report

## *Series : Mar-Apr 2017*

This candidate's script has been assessed using On-Screen Marking. The marks are therefore not shown on the script itself, but are summarised in the table below.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Centre No : | RPSC | Assessment Code : | Paper - IV_2 |
| Candidate No : | 409508 | Component Code : | 01 |
| Candidate Name : | NONAME | | |

Total Marks : **127.5 / 200**

In the table below 'Total Mark' records the mark scored by this candidate.
'Max Mark' records the Maximum Mark available for the question.

**Paper:** 8006A

**Paper Total:** 127.5 / 200

| Question | Total Mark / Max Mark |
|---|---|
| 1 | 2 / 2 |
| 2 | 2 / 2 |
| 3 | 1.5 / 2 |
| 4 | 2 / 2 |
| 5 | 2 / 2 |
| 6 | 1.5 / 2 |
| 7 | 2 / 2 |
| 8 | 2 / 2 |
| 9 | 2 / 2 |
| 10 | 2 / 2 |
| 11 | 2 / 2 |
| 12 | 2 / 2 |
| 13 | 2 / 2 |
| 14 | 2 / 2 |
| 15 | 2 / 2 |
| 16 | 2 / 2 |
| 17 | 1.5 / 2 |
| 18 | 2 / 2 |
| 19 | 2 / 2 |
| 20 | 2 / 2 |
| 21 | 2 / 2 |
| 22 | 2 / 2 |
| 23 | 1.5 / 2 |
| 24 | 2 / 2 |
| 25 | 2 / 2 |
| PartB1 | 6 / 10 |
| PartB2 | 6 / 10 |
| PartB3 | 6 / 10 |
| PartB4 | 6 / 10 |
| PartB5 | 6 / 10 |
| PrtC1 | 5 / 10 |
| PrtC2 | 5 / 10 |
| 1 | 0 / 1 |

| | |
|---|---|
| 2 | 0 / 1 |
| 3 | 0 / 1 |
| 4 | 1 / 1 |
| 5 | 1 / 1 |
| 6 | 1 / 1 |
| 7 | 1 / 1 |
| 8 | 1 / 1 |
| 9 | 1 / 1 |
| 10 | 1 / 1 |
| 11 | 1 / 1 |
| 12 | 1 / 1 |
| 13 | 1 / 1 |
| 14 | 1 / 1 |
| 15 | 1 / 1 |
| 16 | 0 / 1 |
| 17 | 1 / 1 |
| 18 | 1 / 1 |
| 19 | 1 / 1 |
| 20 | 1 / 1 |
| 21 | 1 / 2 |
| 22 | 1 / 2 |
| 23 | 1 / 2 |
| 24 | 1 / 2 |
| 25 | 0 / 2 |
| 26 | 0 / 2 |
| 27 | 2 / 2 |
| 28 | 0 / 2 |
| 29 | 1 / 2 |
| 30 | 0 / 2 |
| 31 | 2 / 10 |
| 32 | 5 / 10 |
| 33 | 4.5 / 10 |
| 34 | 5 / 10 |

55537

PART - I

Paper Code

**P-4**

409508

रात को
लेट तक
जमाना
ल

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ़ कार्य के पृष्ट सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) The Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate. Candidate must sign the declaration as per directions printed on the envelope and return it to the invigilator.
अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है । अभ्यर्थी लिफाफे पर अंकित निर्देशों को पढ़कर घोषणा पर हस्ताक्षर कर लें और उसे अभिजागर को वापस कर दें ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फ़टे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर**. पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

**SPACE FOR ROUGH WORK**

## PAPER – IV GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 66 Questions)

**Unit – I**
**(यूनिट – I)**

(120 Marks)
(120 अंक)

## सामान्य हिन्दी

**Part – A**
**भाग – अ**

**Marks : 50**
**अंक : 50**

**नोट : सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :
   (i) चित् + मय
   (ii) गति + अवरोध
   (iii) प्र + आंगन
   (iv) सुधा + अंशु

i) चिन्मय ½
ii) गत्यवरोध ½
iii) प्रांगण ½
iv) सुधांशु ½

2. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :
   (i) भू + ऊर्ध्व
   (ii) अनु + छेद
   (iii) अति + उत्तम
   (iv) सह + उदर

i) भूर्ध्व ½
ii) अनुच्छेद ½
iii) अत्युत्तम ½
iv) सहोदर ½

3. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :

(i) रामायण

(ii) सहोदर

(iii) लोकेतर

(iv) शूर्पणखा

i) राम + अयन ½

ii) सह + उदर ½

iii) लोक + इतर ½

iv) शूर्पन + खा 0

4. निम्नलिखित उपसर्गों के संयोग से 2-2 शब्द बनाइए :

(i) गैर

(ii) कु

i) गैरकानूनी ½, गैरवाजिब ½ ।

ii) कुकर्म ½, कुमति ½ ।

5. निम्नांकित शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए :

(i) परीक्षा

(ii) उत्थान

(iii) प्रमाण

(iv) पर्याप्त

i) परि उपसर्ग ½, ईक्षा मूलशब्द

ii) उत् / उद् उपसर्ग
iii) 'प्र' उपसर्ग
iv) 'परि' उपसर्ग ।

6. निम्नांकित शब्द और प्रत्यय के योग से सही शब्द बनाइए :
(i) घूम + अक्कड़
(ii) मृ + अन
(iii) पठ् + अनीय
(iv) उत् + नति

i) घुमक्कड़
ii) मृणा 0
iii) पठनीय
iv) उन्नति ।

7. निम्नांकित शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए :
(i) दिखावा
(ii) कायिक
(iii) औदार्य
(iv) मित्रता

i) दिखना या 'दिख' मूलशब्द, 'आवा' प्रत्यय
ii) काया - मूलशब्द, इक प्रत्यय
iii) औदार्य - 'उदार' मूलशब्द, 'य' प्रत्यय
iv) 'मित्र' मूलशब्द, 'ता' प्रत्यय ।

8. निम्नांकित शब्द-युग्म का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए :

(i) अजर-अजिर

(ii) ऋत-ऋतु

i) अजर – ~~सुका~~ देवता/ईश्वर, जरारहित ½

अजिर – आँगन ½

ii) ऋत – सत्य ½

ऋतु – मौसम। ½

9. निम्नांकित शब्द युग्म का अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए :

(i) खर - खरा

(ii) देव - दैव

i) खर – गधा, ½

खरा – कसौटी ½ पर उतरने वाला, विशुद्ध।

ii) देव – देवता, ½

दैव – भाग्य। ½

10. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

(i) उत्तर और पूर्व के बीच की दिशा

(ii) वह जमीन जिसमें अच्छी पैदावार हो ।

i) ईशान, 1

ii) उर्वर। 1

11. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए :
    (i) जानने की इच्छा रखने वाला
    (ii) सप्ताह-सप्ताह में होने वाला

i) जिज्ञासु ✓1,
ii) साप्ताहिक । ✓1

12. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :
    (i) किसी और दूसरे से परामर्श लीजिए ।
    (ii) ये इस जिले के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्ति है ।

i) किसी और से परामर्श लीजिए। ✓1
ii) ये इस जिले के लब्ध प्रतिष्ठ व्यक्ति है। ✓1

13. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :
    (i) आप मेरे ऊपर भरोसा कर सकते हैं ।
    (ii) वे अपने आत्म-सम्मान की रक्षा करना चाहते हैं ।

i) आप मुझ पर भरोसा कर सकते है। ✓1
ii) वे आत्म-सम्मान की रक्षा करना चाहते है। ✓1

14. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) संग्रहित (ii) निरोग
(iii) वापिस (iv) मिस्ठान

i) संगृहीत ½
ii) नीरोग ½
iii) वापस ½
iv) मिष्टान्न। ½

15. निम्नांकित प्रत्येक अंश में से शुद्ध शब्द छाँटिए :
(i) श्रंगार, चिह्न, अनुग्रहीत
(ii) आह्वान, त्यौंहार, दुरावस्था
(iii) गत्यावरोध, प्रतिनीधि, वीभीषण
(iv) मोलिक, उज्जवल, व्यावहारिक

i) चिह्न, ½
ii) आह्वान, ½
iii) एक भी शुद्ध नहीं ½
iv) व्यावहारिक। ½

16. निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) अक्ल का दुश्मन (ii) आँखें चार होना

i) बिना वर्षा हुए ही जुताई का काम जोर-शोर से करने पर गाँववाले कहने लगे कि रमेश अक्ल का दुश्मन हो गया है। 1
ii) विद्यालय से घर आने पर रास्ते में सुरेश की अपनी पुरानी मित्र से काफी दिनों बाद आँखे चार हो गई। 1

17. निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) काठ का उल्लू (ii) जड़ जमाना

i) पिताजी के द्वारा व्यवसाय की बागडोर दिए जाने पर मोहन ने काठ का उल्लू बनते हुए हानि करवा दी। ii) अकाल पड़ते ही ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी अपनी जड़ें जमाने लगती है।

18. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) आगे कुआँ पीछे खाई
(ii) आधा तीतर आधा बटेर

i) मोहन को पिता ने विद्यालय जाने के लिए कहा है, दादाजी उसे बाजार जाने के लिए कह रहे हैं, उसे समझ नहीं आ रहा क्या करे, उसके लिए आगे कुआँ पीछे खाई वाली स्थिति हो रही है। ii) धंधे में जगह-जगह से भीड़ इकट्ठी करने पर बैंड हो गया, उसकी स्थिति तो आधा-तीतर आधा बटेर वाली हो गई।

19. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) कर ले सो काम, भज ले सो राम
(ii) तबेले की बला बंदर के सिर

i) रमेश सुबह से घर में निठल्ला पड़ा था। पिताजी ने काम करने के लिए बोला और कहा - कर ले सो काम, भज ले सो राम। ii) रोटी जलने पर राधा ने माँ से कहा मेरी गलती नहीं, गैस अपने आप तेज हो गई। ये तो तबेले की बला बंदर के सिर वाली बात है।

20. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिंदी शब्द लिखिए :
(i) CORRIGENDUM
(ii) ACCOUNTABILITY

i) शुद्धिपत्र, ✓1
ii) जवाबदेही । ✓1

21. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी शब्द लिखिए :
(i) INTEGRITY
(ii) MINUTES

i) अखण्डता ✓1
ii) कार्यवृत्त । ✓1

22. निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिए :
(i) अश्व
(ii) घर

i) घोड़ा, वाजि, तुरंग, हय ✓1
ii) गृह, आलय, आवास, निकेतन। ✓1

23. निम्नांकित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिए :

(i) हंस

(ii) बादल

i) हंस - मराल, बतख, राजहंस, जलपक्षी।

ii) बादल - ~~जलधि, अम्बुधि, वारिधि, मेघ~~।

- घन, पयोद, अम्बुद, मेघ।

24. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) आविर्भाव

(ii) ईप्सित

i) ~~तिरोहित~~ तिरोभाव,

ii) अनीप्सित।

25. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) पौरत्स्य

(ii) स्वकीय

i) पाश्चात्य,

ii) परकीय।

**Part – B**
**भाग – ब**

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए तथा लगभग एक-तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए :

**अंक : 2 + 8 = 10**

जीवित रहना स्वयं एक कर्म है । जो जीवित है, वह कर्म करेगा ही । कर्म रहित स्थिति मृत्यु है । महत्त्वपूर्ण बात तो यह है कि हर मनुष्य को अपने स्वभाव और योग्यता के अनुसार अथवा यों कहो कि स्वधर्मानुसार कर्म का चयन करने में स्वतंत्रता होनी चाहिए । जो कर्म मनुष्य की योग्यता और स्वभाव के अनुकूल होगा, वही उसके लिए शुभ भी होगा । उसी कर्म को पवित्र और नि:स्वार्थ भाव से करना अपने साथ मित्रता निभाना है । जो अपने से मित्रता करता है वह दूसरों का भी प्रिय हो जाता है और जो स्वयं से शत्रुता करता है वह शत्रुओं से घिरा रहता है । बाह्य शत्रुओं की अपेक्षा आंतरिक शत्रु अधिक खतरनाक होते हैं । इनसे छुटकारा पाने के लिए और स्वतंत्रतापूर्वक सुखी जीवन बनाने के लिए कर्म की पहेली समझ लेनी चाहिए तथा शत्रु-दमन का नहीं, अपितु आत्म-समन्वय का मार्ग अपनाना ही जीवन के लिए श्रेयस्कर सिद्ध हो सकता है । अपनी निजी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति के अतिरिक्त दूसरों की सुख-सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखते हुए जो भी कर्म किया जाएगा, वह जीवन के श्रेष्टतम विकास में अवश्य सहयोगी होगा । यही अध्यात्म का पथ है ।

"कर्म की महत्ता"

व्यक्ति द्वारा अपने स्वभावानुसार, योग्यतानुसार कर्म करना चाहिए। कर्मशील मनुष्य सभी के मित्र होते हैं। आत्मसँतुलन की अवस्था स्वयं के साथ ही दूसरों का कल्याण पवित्र कर्म है। ✔ 6

2. निम्नलिखित सूक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए विस्तार कीजिये । (**शब्द सीमा** : लगभग **150** शब्द) **अंक 10**

"करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान ।"

सूक्त्यानुसार निरंतर कर्म करते रहने से मूर्ख मनुष्य भी अपने कार्य में सिद्धहस्त हो सकता है। निरंतर अभ्यास व्यक्ति को कार्य की जटिलताओं एवं सूक्ष्मताओं से परिचित कराता है। यही परिचय अन्ततः सृजन के माध्यम से सफलता के रूप में अभिव्यक्त होता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति लिंकन शताधिक बार पराजित होने के बाद राष्ट्रपति बने किंतु उन्होने इस अवधि में जनसेवा नही छोड़ी। थॉमसन शताधिक बार बल्ब बनाने में विफल रहे, लोगों ने उनके नवाचारी विचारों का उपहास उड़ाया किंतु अन्ततोगत्वा वह सफल रहे जिससे आज विश्व ज्योतिर्मय हो रहा है। गीता में भी निरंतर कर्म की बात कही गई है। अतएव मनुष्य को कर्मोन्मुखी होकर जीवन व्यतीत करना चाहिए, सफलता अवश्यमेव हासिल होगी।

लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में बाधाएँ अवश्य आती है किंतु सभी बाधाएँ क्षणिक होती है।

लक्ष्य तो उन्हें ही प्राप्त होता है जो तल्लीन होकर उसकी प्राप्ति हेतु जुटे रहते हैं। समग्रतः सूक्ति को ही पुष्ट करता हुआ निम्न वाक्य है -

"जिन खोजा तिन पाइया
गहरे पानी पैठ।"

✓ 6

3. पुलिस अधीक्षक अजमेर को एक पत्र लिखिये, जिसमें जिले में बढ़ रहे अपराधों को नियंत्रित करने का अनुरोध हो । **अंक 10**

सेवा में, क-10, उद्योग

जिला पुलिस अधीक्षक, नगर-अजमेर।

अजमेर। 28 मार्च, 2017.

विषय: - जिले में उत्तरोत्तर वर्धित अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहेंगे कि जिले में पिछले छह महीने से अपराध बढ़ते जा रहे हैं। साधारण छुटपुट अपराधों के बाद अब गंभीर अपराध भी अंजाम दिए जाने लगे हैं।

गृहणियों द्वारा बाजार जाने पर आभूषण के लिए गला काटने जैसी घटनाएँ सामने आ रही हैं इससे अजमेरवासियों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वृद्ध-दंपत्ती के घर में घुसकर उनकी हत्या कर चोरी को अंजाम दिया गया है।

उपर्युक्त वर्णित घटनाएँ तो अपराधों की बानगी मात्र है। पुलिस द्वारा समय पर कार्रवाई न किए जाने के कारण अपराधियों के हौसले बुलन्द है, इससे पुलिस की "आमजन में विश्वास - अपराधियों में भय" वाली छवि धूमिल हो रही है।

महोदय पर्यटन एवं सांस्कृतिक वैविध्य-युक्त नगरी अजमेर में ये अपराध इसकी राष्ट्रीय - अन्तर्राष्ट्रीय छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे है। आपसे निवेदन है कि आप उचित कार्रवाई करेंगे, अन्यथा मजबूरी-वश नागरिकों को आंदोलन का मार्ग अख्तियार करना पड़ेगा। रात्रि-गश्त जैसे मुद्दों पर आमजन पुलिस के साथ सहयोग के लिये तैयार है।

कार्रवाई की आशा में,

भवन्निष्ठ
समस्त अजमेरवासी।

6

4. एक अर्द्ध शासकीय पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए, जिसमें किसी कुलपति, विश्वविद्यालय के द्वारा इतिहास विषय के आचार्य को नवीन पाठ्यक्रम हेतु पुस्तक सूची तैयार करने हेतु आदेशित किया गया हो। **अंक 10**

कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
जयपुर।

प.क्र. 24(ए)/2716/28. दिनांक 28 मार्च, 2017

अर्द्धशासकीय पत्र

प्रिय संजीव कुमार जी,

विश्वविद्यालय में इस वर्ष नवीन पाठ्यक्रम लागू किया गया है। नवीन पाठ्यक्रम में शामिल नए विषय स्वागत योग्य हैं। किंतु विद्यार्थियों की ओर से मांग उठ रही है कि परीक्षा नजदीक होने के बावजूद अभी तक पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई है।

विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए मैं आपसे शीघ्रातिशीघ्र पुस्तकों की सूची तैयार करके उनकी उपलब्धता की आशा करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

संजीव कुमार,
विभागाध्यक्ष-
इतिहास विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय।

राजीव सिंह
(राजीव)
कुलपति राजस्थान
विश्वविद्यालय।

(टिप्पणी :- अर्द्धशासकीय पत्र में उपर्युक्त रेखांकित शब्द प्रेषक द्वारा हाथ से लिखे गए है, टंकित नहीं किए गए।)

6

5. स्वयं को जिला शिक्षा अधिकारी अ, ब, स मानते हुए अपने अधीनस्थ संस्थाओं के लिए आवश्यक लेखन तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु एक निविदा का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए । **अंक 10**

कार्यालय

जिला शिक्षा अधिकारी-अजमेर

निविदा क्रमांक: 25(क)/1781/28 दिनांक 28 मार्च, 2017

'निविदा - सूचना'

अधोहस्ताक्षरकर्ता के आदेश द्वारा -1 मई, 2017 से 1 मई 2018 तक की अवधि के लिए विद्यालय पंजिका, चॉक और कलम की संपूर्ण जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन आने वाली संस्थाओं के लिए आपूर्ति एवं उपलब्धता हेतु लिफाफाबंद मुहरयुक्त निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है -

| विद्यालय पंजिका | चॉक | कलम | कुल राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 700 | 1000 डिब्बे | 500 | 1,00,000 रुपए | 10,000 रुपए |

निविदा की शर्तें निम्नवत् है -

1. अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताए निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा,
2. निविदा की मदें परिवर्तित की जा सकती हैं,
3. गुणवत्ता में कमी या नियमोल्लंघन की दशा में धरोहर राशि जब्त कर फर्म को काली-सूची में डाला जा सकता है।
4. संपूर्ण न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार अजमेर रहेगा।

उपर्युक्त शर्तानुसार कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर 10 दिवस के अन्दर जमा कराएँ। घोषणा अंतिम तिथि के अगले कार्यदिवस को की जाएगी।

6

अ, ब, स
जिलाशिक्षाधिकारी
अजमेर।

Part – C

भाग – स

Marks : 20

अंक : 20

निम्नांकित विषयों पर निबंध लिखिए : (शब्द सीमा **100-150** शब्द) अंक 10

(1) जनसंचार माध्यम और हिंदी : दशा और दिशा

जनसंचार माध्यम और हिन्दी: दशा और दिशा

"खींचो न कमान न तलवार निकालो
जब तोप नाकाबिल हो तो अखबार निकालो।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ जनसंचार के माध्यमों की महत्ता का प्रकटन करती है। जनसंचार के रूप में हिन्दी अखबार, समाचार-चैनल, आकाशवाणी के साथ-साथ वर्तमान में एक नया माध्यम 'सामाजिक-संजाल स्थल' भी उभरा है। देश में आधी से अधिक आबादी की मातृभाषा हिन्दी होने के कारण इन माध्यमों का व्यापक प्रसार है।

किंतु वर्तमान में आंग्ल-भाषा के अधिक प्रचलन ने हिन्दी के साथ दोयम दर्जे के व्यवहार का प्रोद्‌भूतन कर दिया है। राजभाषा के रूप में उल्लिखित हिन्दी अपने राष्ट्रभाषा वाले स्वरूप की प्राप्ति को तरस रही है।

सामाजिक संजाल स्थलों पर भी हिन्दी का प्रयोग होने लगा है - आवश्यकता है हिन्दी के विस्तार की, साथ ही जनसंचार में पीत पत्रकारिता, उपभोक्तावाद, पेड न्यूज जैसी गंदगी को दूर करने की, क्योंकि अंग्रेजी कौशल हो सकती है - अभिव्यक्ति का सहज माध्यम नहीं -

"निजभाषा उन्नति अहे
सब उन्नति को मूल।"

5

(2) भारत की वर्तमान विदेश नीति अंक 10

'भारत की वर्तमान विदेश नीति'

"अयं निज परो वेति गणना लघुचेतसाम्
उदारचरितानामतु वसुधैव कुटुम्बकम ।"

भारतीय विदेश नीति की जानकारी के लिए किसी प्रपत्र या चर्चा की आवश्यकता नहीं अपितु उपर्युक्त पंक्तियाँ भारतीय विदेशनीति का दर्शन बताती है । प्रधानमंत्री नेहरू के समय से प्रधानमंत्री मोदी तक ये तत्व मौजूद है ।

वर्तमान में हमारी विदेशनीति के प्रमुख तत्व निःशस्त्रीकरण, राजनैतिक एकता व समता हेतु सुरक्षा परिषद् विस्तार व उसमें प्रवेश, आतंकवाद विरोध, शांति का समर्थन, परमाणु आयुध विरोध प्रमुख है । बदलते दौर में भारत जलवायु परिवर्तन मुद्दे पर भी सफल विदेश नीति संचालन कर रहा है - 'सौर-गठबंधन' का नेतृत्व इसका प्रमुख दृष्टांत है ।

भारतीय विदेशनीति ने राजनीति के अलावा भी हर मुद्दे पर वैश्विक प्रभाव दिखाया है - विश्व सांस्कृतिक सम्मेलन, योग दिवस, रामायण का संयुक्त राष्ट्र में मंचन हमारी प्रमुख विशेषताएँ है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जलवायु -परिवर्तन पर भी एक प्रमुख वक्तव्य देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की -

"भारत एक ऐसा देश है जहाँ नदियों, वृक्षों, पहाड़ों को देवस्वरूप मानकर पूजा जाता है, हमारी जलवायु नीति शाश्वत है।"

5

**Unit – II** **(80 Marks)**

**(यूनिट – II)** **(80 अंक)**

**General English**

**Part – A** **Marks : 20**

**Note :** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

Identify the error/errors if any and rewrite the following sentences : **(Ques. No. 1-10)**

1. A virtuous are respected by all.

0

Virtuous are respected by all.

2. Can I have any more sugar please ?

Can 0 have more sugar please?

3. We were not invited for lunch.

We w0re not invited at lunch.

4. Write your name in the top of the page.

✓1

Write down your name on the top of the page.

5. She is learning English for five years.

She has 1 been learning English for five years.

6. She was playing the sitar when the bell was ringing.

She was playing the sitar when the bell rang. 1

7. Walk fast lest you would miss the train.

Walk fast lest you should miss the train. 1

8. Should you like tea or coffee ?

Would you like 1 tea or coffee?

9. With what will you satisfied ?

With what will 1 you be satisfied?

10. She said me she did not like tea.

She told me that 1 she did not like tea.

Choose the correct word/phrase : **(Ques. No. 11-15)**

11. The opposite of the word 'attract' is distract/repel.

-repel ✓1

12. The word 'delicious' is similar in meaning to the word tasty/flavoured.

-tasty ✓1

13. The antonym of the word wisdom is folly/experience.

-folly ✓1

14. In the end he made up/made out his mind to go by train.

In the end he made up his mind to go by train. ✓1

15. "To burn the midnight oil" means that someone studies at night with the help of an oil lamp/works late at night.

~~"Someone studies at night~~

- "works late at night" ✓1

Write one word substitutes for the following expressions : **(Ques. No. 16-18)**

16. A word or statement which can be interpreted in more than one way.

0

17. Someone incapable of being corrected.

Incorrigible ✓ 1

18. Impossible or very difficult to believe.

Incredible ✓ 1

Select the correct word/phrase **(Ques. No. 19-20)**

19. We complimented/complemented the dancer after her outstanding performance.

✓ 1
We complimented the dancer after her outstanding performance.

20. I met an imminent/eminent professor of English today.

I met an ✓ 1 eminent professor of english today.

**Part – B** **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow : **(Ques. No. 21-25)**

**Marks : 5 × 2 = 10**

Scientists tell us that without the presence of the cohesive force among the atoms that comprise this world, it would crumble to pieces and we would cease to be and even as there is cohesive force that binds matter so must there be in all things animate. The name for that cohesive force among animate beings is love. We have to learn to use that force and in the use of it consists our knowledge of God. Where there is love there is life; hatred leads to destruction. Only with love would a well-ordered society be intelligible and life worth living.

All the teachers that have ever lived have preached this law with more or less the same vigour. If love was not the law of life, life would not have persisted in the midst of death. Life is the perpetual triumph over the grave. If there is a fundamental distinction between man and beast, it is the former's progressive recognition of the law and its application and practice in his personal life. All the saints of the world, ancient and modern, approve of this supreme law of our being. That the brute in us seems so often to gain an easy triumph is true enough. But that does not disprove the law. It shows the difficulty of practicing it.

21. What's 'force' the writer is talking about ? How does it bind things animate ?

Cohesive force that binds ~~matter~~ is love. Because where there is love there is life, hatred leads to destruction. love also connects to God.

1

22. What according to the writer, does the knowledge of God consist in ?

Use of love and consists the knowledge of God.

1

23. When and how would life be worth living ?

love, piece and grew formation of well ordered society would lead our life to be worth living.

1

24. What would happen if love was not there ?

If love was not there, life would not have persisted in the midst of death.

1

25. Give the meaning of the word 'triumph' and use it in a sentence of your own.

0 To enlighten.

**Marks**

(B) Translate the following sentences into English : **(Ques. No. : 26-30)** **5 × 2 = 10**

26. कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यसूची सदस्यों को नहीं वितरित की गई है ।

Minutes of meeting has not been distributed among working commettee members. 0

27. सड़क के बीच खेलना बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है ।

Playing in the mid of road is not safe for children. 2

28. ज्वालामुखी आग उगल रहा है ।

Volcano is inflamming

0

29. क्या तुम सब मुझसे सहमत हो ?

Ans Do you agree with me?

1

30. वह इतना उदास क्यों लग रहा है ?

Why does he seem so sad?

0

**Marks**

(C) Write a precis of the following passage and give a suitable title : **10**

31. If you were to ask various people the meaning of fitness, you would get different answers. Fitness is everything to most people, a precious commodity which enables us to live our lives to the full yet is really cherished only when it begins to fade away. To an older person, it might be a feeling of youthful vigour, to an athlete the capacity to run a mile in four minutes, to a stenographer the ability to type for eight hours at a stretch without developing aching shoulder muscles.

To a coach it is something that comes with training, to a physician it is a functional state of the body defined in technical terms. Fitness is all these things and more. It is strength, flexibility, agility, power, speed and muscular and cardiovascular endurance. It is the ability to enjoy our daily lives and to achieve our goals without undue fatigue or stress. It is having a reserve of physical stamina and strength for safety and the enjoyment of leisure activities. It is protection against degenerative diseases and feeling youthful even when we are growing old.

**(184 Words)**

"Importance of fitness"

Fityess has different meanings for old, young and otress. Fitness is physical, mental and religious health which reduces stress and gives protection to body and mind.

2

Part – C Marks : 30

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words : Marks **10**

(1) Generation Gap

(2) Women Empowerment

(3) Incredible India

"Women Empowerment"

"Give me a healthy mother and I will give you a healthy nation in return"
– SWAMI VIVEKANAND.

After having such kind of great thinking still India has to think about women-empowerment. There are so many difficulties and crimes against women – dowry system, kill in womb, illiteracy, domestic violence, sexual abuse on workplace.

Despite of being molested by men, women have performed well in every sector – police, administration, politics, defence, health etc. Ethics and Psychology says that women are more sensitive and have more emotional intelligence than men – thus they should be given more space in public welfare domain.

As a conclusion, government of India is also driving some schemes for women employment and women empowerment – ujjwala, beti BACHAO-BETI PADHO. Before that Pre-netal Test is prohibited, Act against sexual abuse on workplace-2013 is also in action. All that need is following great indian thinking

"YATRA NARYASTU PUJYANTE RAMANTE TATRA DEVTA."

✓ 5

Marks

33. Elaborate any **one** of the following themes in approximately **150** words : **10**

(1) No pain no gain

(2) Cell phone is more than a phone

(3) Uneasy lies the head that wears the crown.

"Cell phone is more than a phone"

In present time, utility of cell phone is expanded from merely a voice contacting device to a powerful scientific digital arm. We can use cell phone in surfing and can have the knowledge of all incidents over the words.

Cell phone can also be used as a study device. Many e-learning websites are providing study-material online without any costs.

Now-a-days, in india, cellphone is also becoming the medium of financial inclusion centre government has introduced digital india campaign and BHIM APP.

However, use of cellphone is not without any caveats. It ~~has~~ causes illness as well as some other difficulties. cyber bullying hate-content, hacking, porn are some of drawbacks which alarms cell phone-use.

Marks 10

34. Write a letter to the Municipal Commissioner of your city complaining about the poor sanitary conditions of your locality and the mosquito menace caused by this.

(150 Words)

OR

As a member of the State Pollution Control Board, write a report on the level of air pollution in and around your town.

To, 26-K,
Municipal Commissioner Udhyog Nagar,
Ajmer. Ajmer.

Subject :- To complain about poor sanitary conditions of city.

Sir,
I want to draw your kind attention on the poor conditions of sanitization in city. There are plenty of leakage on pipelines. Dirty water comes out on road and it smell bad.

The problem doesn't end only here. Dirty water and leakage is causing many fatal diseases like malaria, dangu, typhoid etc. Children are the most soft target of these diseases.

We have informed the employees of municipality earlier but no action has been taken. It is also defaming the image of heritage city Ajmer among visitors. Hope you will take some actions otherwise we have to take the path of Protest. We will coordinate with you.

In the hope of positive,

Yours Truly
all natives
Ajmer city.

संग्रह

अनुग्रह

अनुगृहीत

ईशान

आग्नेय

उर्वर

मिष्टान्न

मर